**दिनांक 16 सितम्बर 2020 से आयोजित परीक्षा में परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु कुछ FAQ निम्नानुसार हो सकते हैं –**

प्रश्न 1 –दिनांक 16 सितम्बर 2020 से आयोजित परीक्षा में कौन–कौन से परीक्षार्थी सम्मिलित हो सकेंगे ?

उत्तर – **डिप्लोमा इंजीनियरिंग** –

(i) अंतिम सेमेस्टर के नियमित/एक्स विद्यार्थी, जो अब तक ऑनलाईन परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके हैं ।

(ii) ऑनलाईन परीक्षा में तो सम्मिलित हुए हैं, किंतु अंक कम होने के कारण पुनः सभी विषयों में या एक या दो विषयों में सम्मिलित होना चाहते हैं ।

(iii) तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रथम सेमेस्टर से 5वें सेमेस्टर तक वे समस्त विद्यार्थी, जो पूर्व में किसी विषय में अनुत्तीर्ण हैं या अनुपस्थित रहे हैं ।

(iv) 4 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रथम सेमेस्टर से 7वे सेमेस्टर तक के अनुत्तीर्ण विषयों की परीक्षा में विद्यार्थी सम्मिलित हो सकेंगे ।

(v) 2 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रथम से तृतीय वर्ष तक के अनुत्तीर्ण विषयों के विद्यार्थी सम्मिलित होंगे ।

**डिप्लोमा फार्मेसी** –

(i) डिप्लोमा फार्मेसी में द्वितीय वर्ष के नियमित/एक्स विद्यार्थी, जो अब तक किसी ऑनलाईन परीक्षा में सम्मिलित नहीं हुए हैं ।

(ii) प्रथम वर्ष के एक्स विद्यार्थी या द्वितीय वर्ष के ऐसे विद्यार्थी जिनका प्रथम वर्ष का सैद्धांतिक विषय अनुत्तीर्ण है ।

(iii) ऑनलाईन परीक्षा में प्राप्त अंकों से जिस विषय में अंक कम हैं और पुनः परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं ।

प्रश्न 2 – प्रायोगिक परीक्षा में किन विद्यार्थियों को परीक्षा देनी है ?

उत्तर –(i) प्रश्न कमांक–1 से स्पष्ट है कि अंतिम सेमेस्टर या डिप्लोमा फार्मेसी में अंतिम वर्ष के सभी विद्यार्थियों को प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होना है ।

(ii) ऐसे समस्त विद्यार्थी, जो पूर्व में प्रायोगिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण या अनुपस्थित रहे हैं, उन्हें दिनांक 15 से 18 तक सम्मिलित होना है ।

प्रश्न 3 – क्या ऑनलाईन परीक्षा के परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम पहले घोषित किया जाएगा ?

उत्तर – हां । ऑनलाईन परीक्षा में सम्मिलित ऐसे परीक्षार्थी अपने अंकों से संतुष्ट है, का परीक्षा परिणाम पहले प्रथम चरण में घोषित किया जाएगा।

प्रश्न 4 – क्या ऑफलाईन परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थी के ऑनलाईन परीक्षा के अंकों को निरस्त किया जाएगा ?

उत्तर – हां । यदि विद्यार्थी अपनी ऑनलाईन परीक्षा के अंकों से संतुष्ट नहीं है और पुनः परीक्षा में सम्मिलित होता है तो उसकी ऑनलाईन परीक्षा में प्राप्त अंकों को निरस्त किया जाएगा तथा उसका परीक्षा परिणाम भी द्वितीय चरण में उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन के उपरांत घोषित किया जाएगा ।

प्रश्न 5 – क्या (फाइनल सेमेस्टर/डिप्लोमा फार्मेसी के अंतिम वर्ष को छोडकर अन्य) नियमित विद्यार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होना है ?

उत्तर – नहीं । सत्र् मई–जून 2020 में सम्मिलित होने वाले नियमित विद्यार्थियों को उनके नियमित सेमेस्टर या डिप्लोमा फार्मेसी के प्रथम वर्ष में परीक्षा में सम्मिलित नहीं होना है। उनके परीक्षा परिणाम के संबंध में पृथक से दिशा–निर्देश जारी किए जाएंगे ।

कमशः 2

प्रश्न 6 – क्या प्रश्न ऑनलाईन परीक्षा के समान वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे ?

उत्तर – नहीं । प्रश्न पूर्व की परीक्षाओं के समान वर्णात्मक (Descriptive) प्रकार के होंगे ।

प्रश्न 7 – दिनांक 16 से आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए रजिस्ट्रेशन करना आवश्यक है ?

उत्तर – परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए रजिस्ट्रेशन आवश्यक नहीं है । विश्वविद्यालय के पोर्टल पर विद्यार्थियों के लॉग इन आईडी पर प्रश्न पत्र विद्यार्थी स्वयं डाउनलोड कर सकेंगे एवं पूर्व के परीक्षा की तरह ही तीन घण्टे में वे उत्तर दे सकेंगे, किंतु उत्तर पुस्तिका अपलोड करने हेतु रजिस्ट्रेशन आवश्यक होगा ।

प्रश्न 8 – क्या उत्तर पुस्तिका विश्वविद्यालय द्वारा प्रदाय की जाएगी ?

उत्तर – नहीं । विश्वविद्यालय द्वारा केवल उत्तर पुस्तिका का प्रथम पृष्ठ पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाएगा । सभी विद्यार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के एक–दो दिन पूर्व ही उक्त पृष्ठ की फोटो कॉपी कराकर आवश्यकतानुसार सुरक्षित रखना होगा ।

प्रश्न 9 – उत्तर पुस्तिका के अन्य पृष्ठों की व्यवस्था क्या होगी ?

उत्तर – प्रथम पृष्ठ के उपरांत लगने वाले समस्त पृष्ठ ए–4 साईज के होना चाहिए तथा उसकी व्यवस्था विद्यार्थी को स्वयं करनी होगी ।

प्रश्न 10 – उत्तर पुस्तिका में उपयोग किए जाने वाले पृष्ठों पर क्या आगे–पीछे लिखना है ?

उत्तर – नहीं । उत्तर पुस्तिका में जो विद्यार्थी अपनी ओर से पृष्ठ उपयोग में लेंगे, उस पर केवल एक तरफ ही काले पेन से लिखेंगे । काले पेन का उपयोग उत्तर पुस्तिका को स्कैन करने के लिए एवं स्पष्ट दिखने के लिए अधिक उपयोगी होगा ।

प्रश्न 11 – क्या लाईनिंग वाले कागज का उपयोग किया जा सकता है ?

उत्तर – हां । जहां तक संभव हो, लाईनिंग वाले ए–4 साइज के कागज का ही उपयोग करें। विश्वविद्यालय द्वारा सुविधा के लिए उत्तर पुस्तिका का एक लाईनिंग वाला खाली पृष्ठ भी पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाएगा । लाईनिंग वाले कागज न हो तो सादे ए–4 साइज के कागज का उपयोग भी किया जा सकता है ।

प्रश्न 12 – चित्र या ड्राइंग से संबंधित विषय में ड्राइंग शीट का उपयोग किया जाना है क्या ?

उत्तर – नहीं । आप सादे कागज में जहां तक संभव हो बिना लाईन वाले ए–4 साइज के कागज में डाइमेंशन के अनुसार चित्र या ड्राइंग बना सकते हैं ।

प्रश्न 13 – उत्तर पुस्तिकाओं को भेजने की क्या प्रक्रिया होगी ?

उत्तर – विद्यार्थियों को rgpvexam.in पर रजिस्ट्रेशन करना होगा । परीक्षा समाप्ति पर rgpvexam.in पर उत्तर पुस्तिकाओं को स्कैन करके अपलोड किया जाएगा ।

प्रश्न 14 – यदि कोई विद्यार्थी अपलोड करने में असमर्थ रहता है तो उसकी उत्तर पुस्तिका कैसे जमा होगी ?

उत्तर – विश्वविद्यालय द्वारा पोर्टल पर विभिन्न पोलीटेकनिक महाविद्यालयों की सूची दी गई है। विद्यार्थी अपनी सुविधानुसार सूची में दिए गए निकटतम पोलीटेकनिक पर स्वयं जाकर या अपने परिवार या किसी अन्य सदस्य को भेजकर भी उत्तर पुस्तिका जमा कर सकेगा । संबंधित संस्था द्वारा प्राप्ति की रसीद भी दी जाएगी ।

प्रश्न 15 – रजिस्ट्रेशन के लिए क्या करना होगा ?

उत्तर – रजिस्ट्रेशन की प्रकिया का (SOP) विस्तृत विवरण पृथक से दिया गया है, जो rgpvdiploma.in पर उपलब्ध है ।

क्रमशः 3

प्रश्न 16 – उत्तर पुस्तिकाओं के स्कैन की क्या प्रकिया होगी ?

उत्तर – यदि छात्र उत्तर पुस्तिका को स्कैन करने के लिए स्मार्ट फोन का उपयोग कर रहा है, तो उम्मीदवार को निम्न में से किन्हीं भी दस्तावेज स्कैनिंग ऐप का उपयोग करके उत्तर पुस्तिका को स्कैन करना होगा –

अ) एडोब स्कैन

ब) गूगल ड्राइव स्कैनर

स) डाक्यूमेंट स्कैनर (भारत में निर्मित)

द) माइक्रासॉफ्ट ऑफिस लैंस

इ) कोई भी अन्य ऐप, जो आपको सूट करता है और जो उत्तर पुस्तिका का स्पष्ट स्कैन प्रदान करता हो ।

प्रश्न 17 – यदि कोई विद्यार्थी रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाए तो क्या परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेगा ?

उत्तर – जैसा कि पूर्व में बताया गया है, परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए रजिस्ट्रेशन आवश्यक नहीं है, केवल उत्तर पुस्तिका को उपलोड करने के लिए यह प्रकिया अपनाई जाएगी । ऐसे विद्यार्थी जिन्होनें रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है, अपने निकटतम पोलीटेकनिक में उत्तर पुस्तिका जमा करा सकेंगे ।

प्रश्न 18 – यदि किसी विद्यार्थी के पास स्मार्ट फोन नहीं है तो भी क्या वह परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा ?

उत्तर – हां । ऐसे विद्यार्थी जिनके पास कोई भी स्मार्ट फोन, इंटरनेट इत्यादि की सुविधा नहीं है, वे भी परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे, किंतु उन्हें किसी किऑस्क पर जाकर या अपने किसी मित्र की सहायता से प्रश्नपत्र प्राप्त करना होगा ।

प्रश्न 19 – प्रश्न पत्र कब प्राप्त होगा ?

उत्तर – विद्यार्थी की जिस दिन एवं जिस समय परीक्षा है, उस दिन एवं समय से आधा घण्टा पूर्व विद्यार्थी की लॉग इन आईडी पर प्रश्न पत्र प्राप्त होगा तथा यह प्रश्नपत्र पूर्ण परीक्षा अवधि अथात् तीन घण्टे तक लॉग इन आईडी पर उपलब्ध रहेगा ।

प्रश्न 20 – क्या प्रश्न पत्र का प्रिंट आऊट निकालना होगा ?

उत्तर – नहीं प्रश्न पत्र का प्रिंट आऊट निकालने की आवश्यकता नहीं है । आवश्यकतानुसार आप अपने मोबाईल पर उसे डाउनलोड कर सकते हैं या परीक्षा अवधि में अपनी लॉग इन आईडी पर देख सकते हैं ।

प्रश्न 21 – यदि कोई विद्यार्थी ऑनलाईन या ऑफलाईन दोनों परीक्षा में सम्मिलित नहीं होता है तो क्या उसके लिए पुनः एक और परीक्षा आयोजित की जाएगी ?

उत्तर – नहीं । अब विश्वविद्यालय द्वारा कोई भी परीक्षा वर्तमान सेमेस्टर के लिए आयोजित नहीं की जाएगी । यदि कोई विद्यार्थी ऑनलाईन या अभी आयोजित ऑफलाईन परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सका तो उसे आगामी सेमेस्टर की परीक्षा में उक्त विषय उत्तीर्ण करना होगा ।